<u>प्रेस प्रकाशनी</u>

इस मंत्रालय द्वारा 16 से 30 अप्रैल, 2018 तक मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के संबंध में आज 17 अप्रैल, 2018 को समिति कक्ष 63, संसद भवन में एक शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।

सर्वप्रथम, मंत्रालय के संयुक्त सचिव ने स्वच्छता पखवाड़े के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों का विवरण दिया।

सचिव ने संसदीय कार्य मंत्रालय में स्वच्छता पखवाड़े के संबंध में माननीय अध्यक्ष, लोक सभा और माननीय सभापति, राज्य सभा के संदेशों को पढ़कर सुनाया।

माननीय संसदीय कार्य राज्य मंत्री, श्री अर्जुन राम मेघवाल ने मंत्रालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को "स्वच्छता की शपथ" दिलाई। एक संवादात्मक सत्र भी आयोजित किया गया जिसमें माननीय राज्य मंत्री, सचिव और मंत्रालय के कर्मचारियों ने स्वस्थ और समृद्ध जीवन के लिए स्वच्छता के महत्व के बारे में अपने अनुभव और विचार साझा किए।